आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 02.08.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में किसानों को 20 हजार 500 करोड़ रुपये जारी किए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।
- चमोली जिले के हेलंग में निर्माणाधीन विष्णुगाड पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना के बांध स्थल पर भूस्खलन से 8 लोग घायल हो गए।
- भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी में तैनात बीएलओ और पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक दोगुना किया।
- मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर व बागेश्वर ज़िलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

पीएम किसान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। इस योजना के तहत देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 20 हजार पांच सौ करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार निरंतर किसानो के लिए काम कर रही है।

श्री मोदी ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि यह नया भारत है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे विश्व ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी मेहनत से काम किया है।

श्री मोदी ने बताया कि सरकार ने किसानों के लिए छोटे जिलों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से एक नई पीएम धन धान्य योजना भी शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत 24 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। श्री मोदी ने सभी से कहा कि वे त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों को ही प्राथमिकता दें।

सीएम ऑन किसान निधि

पीएम किसान सम्मान निधि पर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से देश के करोड़ों अन्नदाताओं को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिल रही है। राज्य सरकार भी किसानों की आमदनी बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एप्पल मिशन और कीवी मिशन के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों में उद्यानिकी को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही किसानों को तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश के लगभग 8 लाख 28 हजार किसानों को इस योजना के अंतर्गत 184 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि उनके खातों में हस्तांतरित करने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि पाकर प्रदेश के किसानों में उत्साह है। आकाशवाणी से बातचीत में बागेश्वर के किसानों ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह प्रयास उन्हें आर्थिक सम्बल प्रदान करता है। किसानों का कहना है कि वे इस धनराशि से बीज और खाद खरीदेंगे।

चमोली भूस्खलन

चमोली जिले के हेलंग में टीएचडीसी की ओर से निर्माणाधीन विष्णुगाड पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना के बांध स्थल पर आज भूस्खलन हुआ। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि परियोजना स्थल पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि इस घटना में घायल हुए 8 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज श्रीनगर रेफर कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि टीएचडीसी को श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग

भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और मतदाता सूची तैयार करने तथा पुनरीक्षण कार्य में शामिल बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक भी बढ़ा दिया है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि संशोधित ढांचे के अनुसार, बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक 6000 रुपये से दोगुना करके 12000 रुपये कर दिया गया है।

इसके अलावा, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए बीएलओ को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि एक हज़ार रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दी गई है। मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया की देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बीएलओ पर्यवेक्षकों को अब 12 हज़ार रुपये की बजाय 18 हज़ार रुपये प्रति वर्ष मिलेंगे।

चुनाव आयोग ने पहली बार एईआरओ को 25 हज़ार और ईआरओ को 30 हज़ार रुपये मानदेय की व्यवस्था की है।

यह निर्णय निर्वाचन आयोग की उन चुनाव कार्मिकों को पर्याप्त मुआवजा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो सटीक मतदाता सूची बनाए रखने, मतदाताओं की सहायता करने और चुनावी प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए क्षेत्र स्तर पर अथक परिश्रम करते हैं।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। राज्य के अधिकांश जिलों में रुकरुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। राजधानी देहरादून में सुबह हल्की बारिश हुई, जबकि दोपहर में तेज धूप खिली रही। हालांकि कुछ स्थानों पर बादल भी छाए रहे।

इस बीच, मौसम विभाग ने 8 अगस्त तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर और बागेश्वर ज़िलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष ज़िलों में हल्की बारिश की संभावना है।

विभाग ने इस अवधि में लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी है।